# ST. PAUL'S SR. SEC. SCHOOL, PALI

प्रिय अभिभावकगण,

आपको सूचित किया जाता है कि कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को सी.बी.एस.ई. पंजीकरण प्रपत्र (Registration Form) पहले ही वितरित किए जा चुके हैं तथा शीघ्र ही कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को भी यह प्रपत्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

सी.बी.एस.ई. पंजीकरण कक्षा नवमीं से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। इस संबंध में अवगत कराना है कि इस वर्ष सी.बी.एस.ई. ने कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के पंजीकरण हेतु APAAR ID को अनिवार्य कर दिया है। बिना APAAR ID के सी.बी.एस.ई. पंजीकरण पूर्ण नहीं हो सकेगा। पंजीकरण के समय सी.बी.एस.ई. द्वारा दर्ज की गई APAAR ID का सत्यापन (validation) किया जाएगा।

अतः कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से निवेदन है कि आधार कार्ड में विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम एवं जन्मतिथि सही करवा लें ताकि APAAR ID के सत्यापन में कोई समस्या न हो। कृपया विवरण निम्नानुसार रखें:

कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के लिए : कक्षा दसवीं की अंकतालिका के अनुसार।

कक्षा दसवीं के लिए: कक्षा नवमीं के पंजीकरण विवरण के अनुसार।

कक्षा नवमी के लिए: विद्यालय के अभिलेख एवं कक्षा आठवीं की अंकतालिका के अनुसार।

कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे 10 सितम्बर 2025 को अपना सी.बी.एस.ई. पंजीकरण प्रपत्र (Registration Form) आवश्यक दस्तावेजों एवं वैध APAAR ID प्रमाण के साथ विद्यालय में कक्षाअध्यापक को अनिवार्य रूप से जमा करावें ।

अतः सभी अभिभावकगण एवं विद्यार्थी विशेष ध्यान दें तथा यदि आवश्यकता हो तो अतिशीघ्र ही आधार विवरण अपडेट करवा लें।

सधन्यवाद,

प्रधानाचार्य